जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

16 अप्रैल 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की नौशीन ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 9वीं रैंक हासिल की, आरसीए से कुल 31 छात्र चयनित ।

जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में कोचिंग और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इकतीस (31) उम्मीदवारों का चयन यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8 की बढ़ोतरी है। आरसीए के कुल 71 छात्र यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के साक्षात्कार में शामिल हुए, जिनमें से 31 उम्मीदवारों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

इन चयनित 31 उम्मीदवारों में से कुछ को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई ए एस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) मिलने की उम्मीद है और बाकी उम्मीदवारों को उनकी रैंकिंग और पसंद के अनुसार आईआरएस, ऑडिट एवं अकाउंट सर्विस, आईआरटीएस तथा ग्रुप-ए की अन्य संबद्ध सेवाएं मिलने की संभावना है।

अखिल भारतीय स्तर पर 9वीं रैंक हासिल करने वाली नौशीन आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की इस साल की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा हैं। चयनित 31 उम्मीदवारों में से 11 लड़कियां हैं। अपनी इस बड़ी उपलब्धि से उत्साहित इन सबों ने अपनी सफलता का सारा श्रेय आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए), जेएमआई को दिया क्योंकि उन्हें यहाँ पर बहुत अच्छा माहौल और समर्थन मिला जिसके कारण यह उपलब्धि हासिल हुई।

जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने अकादमी के सफल उम्मीदवारों और अन्य छात्रों से बातचीत की और उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। बातचीत के दौरान जेएमआई के कार्यवाहक कुलसचिव श्री हदीस लारी और विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर प्रो. हुसैन ने यह कहा कि सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रशिक्षण देने में आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए), जेएमआई का साल दर साल लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन हमारे विश्वविद्यालय के लिए बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है। विश्वविद्यालय प्रशासन आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहा है और इस प्रकार के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन द्वारा आगे भी सहायता प्रदान की जाएगी। प्रो. हुसैन ने यह उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में नतीजे और बेहतर होंगे।

प्रो. हुसैन ने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इन सब की निगरानी कर रहे हैं और उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अकादमी के प्रदर्शन में सुधार हेतु किए गए प्रयासों के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) के पदाधिकारियों की प्रसंशा की।

गत वर्ष यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाली श्रुति शर्मा आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) , जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्टार परफॉर्मर थीं।

2010-11 से 2024 तक आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने लगभग 300 से अधिक सिविल सेवकों को तैयार किया है, जिनमें कई आईएएस, आईएफएस और आईपीएस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) के 300 से अधिक छात्र विभिन्न अन्य केंद्रीय और राज्य सेवाओं अर्थात सीएपीएफ, आईबी, आरबीआई (ग्रेडबी), एपीएफ, बैंक पीओ और पीसीएस आदि में चयनित हुए हैं ।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की स्थापना वर्ष 2010 में यूजीसी द्वारा सेंटर फॉर कोचिंग एंड करियर प्लानिंग (सीसी एंड सीपी), जेएमआई के तत्वावधान में एससी, एसटी, महिलाओं और अल्पसंख्यक छात्रों को सिविल सेवाओं और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने हेतु की गई थी। व्यापक कोचिंग हेतु छात्रों का चयन अखिल भारतीय लिखित परीक्षा और उसके उपरांत व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाता है।

आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) सही ढंग से संरचित बहुआयामी कोचिंग और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम मुहैया करता है। इसमें परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में मार्गदर्शन शामिल है अर्थात प्रारंभिक परीक्षा , मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के साथ 500 घंटे से अधिक की कक्षाएं, प्रख्यात विद्वानों और वरिष्ठ सिविल सेवकों के विशेष व्याख्यान, समूह चर्चा, टेस्ट श्रृंखला और मॉक-साक्षात्कार। इसके अतिरिक्त आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में 24x7 वातानुकूलित पुस्तकालय सुविधाएं और निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा प्रदान की जाती है। आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में सुरक्षित और सुविधाजनक छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध है।

जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया